प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

15 सितम्बर , 2020 गोरखपुर ।

रक्तदान शिविर का आयोजन।

अभियंता दिवस के आधार और आधुनिक भारत के विश्वकर्मा, भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के जन्मदिवस पर पर आज 15 सितम्बर को इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। इसी अवसर पर गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा की आधुनिक भारत के विश्वकर्मा, भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के जन्मदिवस पर उन्हें प्रणाम। सभी प्रवीण शिल्पियों को अभियंता दिवस की अनंत शुभकामनाएँ |

आज हम जो सुख सुबिधाओं के साथ एक बेहतर जिंदगी जी रहे है ,तो उसके पीछे हमारे प्रतिभाशाली इंजीनियर्स के सपने है जो उन्होंने हमारे लिए देखे ।आज इंजीनियर्स बंधुओ द्वारा किया गया रक्त दान जनकल्याण में अपनी अहम् भूमिका का

अविस्मर्णीय निर्वहन करेगा। यह अनुकरणीय एवं वंदनीय है। डॉ.अग्रवाल ने युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए आह्वाहन किया।इसी के साथ इंजीनियर मोहम्द मिनतुल्लाह ,गौरव शर्मा ,रत्नेश तिवारी,नवनीत कुमार, सौम्या यादव आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन आदि दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस , हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक, नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।